Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल


▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 256 ▫ रायपुर, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98




# नान घोटाला पर हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच की याचिकाओं को किया निराकृत

**बिलासपुर,** 10 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 2015 के चर्चित नान घोटाले की सीबीआई से जांच करने संबंधी याचिकाओं को निराकृत किया. अब जिन लोगों की नान घोटाले में भूमिका होने के बाद भी एसीबी ने चालान नहीं किया, अब उनके खिलाफ विचारण न्यायालय में आवेदन लगाया जा सकेगा. इसके साथ धरमलाल कौशिक के द्वारा एसआईटी जांच के खिलाफ लगाई गई याचिका को वापस लेने की अनुमति दी.

गौरतलब है कि नान घोटाले से संबंधित याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने के कारण करीब 4 साल से इन याचिकाओं की सुनवाई नहीं हो पा रही थी. सितंबर के महीने में सुप्रीम कोर्ट से संबंधित सभी मामलों का निराकरण होने के बाद आज हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस पीपी साहू की विशेष खंडपीठ में इन जनहित याचिकाओं के साथ अन्य याचिकाओं पर सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने इस बात को नोट किया कि केवल 'हमर संगवारी' एनजीओ और अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव द्वारा लगाई गई जनहित याचिकाओं में ही अधिवक्ता या याचिकाकर्ता अदालत में उपस्थित हैं. इसके अलावा अन्य याचिकाओं की तरफ से



**अब विचारण न्यायालय में लगाया जा सकेगा आवेदन**

कोई उपस्थित नहीं हुआ. वहीं भारतीय जनता पार्टी के नेता धरमलाल कौशिक की ओर से अधिवक्ता गैरी मुखोपाध्याय उपस्थित थे. राज्य सरकार की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिल्ली से अधिवक्ता अतुल झा ने कोर्ट को बताया कि 10 सालों में इस मामले में ट्रायल कोर्ट में 224 में से 170 गवाहों की गवाही हो चुकी है, और मामला अब अपने अंतिम चरण की ओर जा रहा है. खंडपीठ ने अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव से याचिकाकर्ता की भूमिका पर सवाल किए और पूछा कि उनका इस मामले से क्या संबंध है.

अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने जवाब में अपनी जनहित याचिका के बारे में बताते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों का चालान हुआ है, या जिनका विचारण चल रहा है, उस पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, बल्कि वे उसका समर्थन करते हैं. श्रीवास्तव ने आगे कहा कि एसीबी ने अपनी जांच में बहुत सारे लोगों को छोड़ दिया है, और उनकी सीधी भूमिका होने के बावजूद अभियुक्त नहीं बनाया है. यहां तक कि जहरीले नमक सप्लाई करने वाले अभियुक्त मुनीश कुमार शाह की अब तक गिरफ्तारी भी नहीं की गई है. एसीबी की जांच आधी अधूरी है. अतः उनकी याचिका इस जांच को सीबीआई को देकर इन सभी व्यक्तियों के ऊपर भी कार्यवाही करने के लिए है. इस पर खंडपीठ ने कहा कि यह मांग तो विचरण न्यायालय में धारा 319 का आवेदन लगाकर भी पूरी की जा सकती है, और यह कहते हुए कि मामला 10 साल से अधिक पुराना है, और अब जांच एजेंसी बदलने की मांग उचित नहीं लगती. विचारण अब अंतिम चरण में है, सभी जनहित याचिकाओं को निराकृत या खारिज कर दिया.

# मैं कभी नहीं कहूंगा कि मुझे मुख्यमंत्री बनना : सिंहदेव

**बिलासपुर,** 10 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनने की इच्छा को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने मुख्यमंत्री पद को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि बोले टीएस, मैं कभी नहीं कहूंगा कि मुझे मुख्यमंत्री नहीं बनना है. ऐसा कौन कहेगा कि मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहते. पहले भी मेरा नाम चला था. ढाई-ढाई साल के मुद्दे पर मीडिया ने लगातार मुझे बनाए रखा. बाकी पार्टी का निर्णय अंतिम निर्णय होता है.



**ढाई-ढाई साल के फार्मूले पर फिर दिया बयान**

टीएस सिंहदेव ने छत्तीसगढ़ के अगले विधानसभा चुनाव में नेतृत्व को लेकर मीडिया के सवाल पर भी बयान दिया है. उन्होंने कहा कि अगला विधानसभा चुनाव कांग्रेस के नेतृत्व में लड़ा जाएगा. अधिकांशतः पूर्व सीएम भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव के नेतृत्व को लेकर तुलना की जाती है. इसलिए इस सवाल पर उन्होंने सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ने की बात कही है. कांग्रेस के सभी शीर्ष नेता अगले चुनाव में सामूहिक रूप से नेतृत्व करेंगे. टी एस सिंहदेव ने कहा कि आप राजनीतिक लाभ लेने के लिए समाज को विभाजित करना चाहते हैं. वोट की राजनीति में हिंदू धर्म जिसे बहुसंख्यक माना जा रहा है. उन्होने सवाल उठाते हुए कहा कि सारे हिंदू भाजपाई कैसे होंगे? मैं भी हिंदू हूं, लेकिन मैं पैदा हुआ कांग्रेसी और मरूंगा भी कांग्रेसी।

## ब्रेकिंग न्यूज

### ईओडब्ल्यू-एसीबी की टीम ने सराफा कारोबारी के घर-दुकान में दी दबिश

**राजनांदगांव,** 10 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में शुक्रवार सुबह ईओडब्ल्यू-एसीबी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है. त्योहारी सीजन के बीच सराफा कारोबारी के ठिकानों पर छापा पड़ा है. चार गाड़ी में अधिकारियों की टीम पहुंची है. जानकारी के मुताबिक, ईओडब्ल्यू और एसीबी की टीम ने आज सुबह शहर के जसराज शांतिलाल बैद फर्म के मोहनी ज्वेलर्स में छापेमारी की है. व्यापारी के नंदई चौक स्थित घर और गुड़ाखू लाईन स्थित दुकान में अधिकारियों की टीम पहुंची है. दस्तावेज की जांच की जा रही है.

### रिश्वतखोर बाबू को एसीबी ने रंगे हाथों किया गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 10 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार सुबह आदिम जाति कल्याण विभाग के एक बाबू को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. आरोप है कि बाबू मनोज तोंडेकर ने अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन राशि जारी करने के बदले 10 हजार रुपए की मांग की थी. शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने आरोपी के खिलाफ ट्रैप की कार्रवाई की. जैसे ही बाबू ने शिकायतकर्ता से रिश्वत की राशि ली, टीम ने मौके पर ही उसे पकड़ लिया. एसीबी ने आरोपी से रिश्वत की रकम बरामद कर ली है और फिलहाल उससे पूछताछ जारी है।

### दुर्गापुर-मुंबई इंडिगो फ्लाइट की रायपुर में इमरजेंसी लैंडिंग

**रायपुर,** 10 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। इंडिगो की दुर्गापुर-मुंबई फ्लाइट में सवार युवक के बेहोश होने पर रायपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई. युवक को तत्काल माना सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, फ्लाइट में सवार पश्चिम बंगाल के वर्धमान निवासी 24-25 वर्षीय गौतम बावरी ब्लड कैंसर का पेशेंट था, जो टाटा मेमोरियल अस्पताल में इलाज के लिए मुंबई जा रहा था. लेकिन अस्पताल में पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

**कैंसर ग्रसित युवक की प्लेन में बिगड़ी तबीयत, मौत**

# घर घुसकर दंपति की बेरहमी से हत्या, संदेही हिरासत में

**खैरागढ़,** 10 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। जिले के अतरिया गांव में आज शुक्रवार तड़के एक सनसनीखेज वारदात ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया. यहां एक दंपति की उनके ही घर में बेरहमी से हत्या कर दी गई. घटना सुबह लगभग 4 से 5 बजे के बीच की बताई जा रही है. मृतकों की पहचान बाबूलाल शोरी (55) और उनकी पत्नी सुनती बाई शोरी (51) के रूप में हुई है. घटना की खबर फैलते ही पूरे इलाके में सनसनी मच गई. सूचना मिलते ही गंडई थाना प्रभारी राजेश देवदास अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पड़ोसी भगवती गोंड (35) को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया है. बताया जा रहा है कि संदेही मृतक दंपति के घर के ठीक सामने रहता था. शुरुआती जांच में हत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है, लेकिन पुलिस आपसी रंजिश और अन्य संभावित पहलुओं पर गहराई से जांच कर रही है. थाना प्रभारी राजेश देवदास ने बताया कि संदेही से पूछताछ जारी है. वहीं हत्या में प्रयुक्त हथियार की तलाश की जा रही है। इस बीच गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति न बने. दंपति की निर्मम हत्या के बाद अतरिया गांव में भय और आक्रोश दोनों का माहौल है. ग्रामीणों ने इस जघन्य वारदात पर गहरा दुख जताते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों. यह वारदात खैरागढ़ जिले में कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है. फिलहाल पुलिस मामले के हर पहलू की जांच में जुटी है और जल्द ही पूरे प्रकरण का खुलासा किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

# नाबालिग से जबरदस्ती देह व्यापार कराने वाली 2 महिलाओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दुर्ग,** 10 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। दुर्ग जिले के मोहन नगर थाना क्षेत्र में नाबालिग को जबरदस्ती देहव्यापार कराने वाली दो महिला आरोपियो को गिरफ्तार किया है. इस सेक्स रैकेट मामले में प्रीति बेसरा और सीमा सोनी नामक दो महिलाओ आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



मध्यप्रदेश के अनुपपुर जिले की रहने वाली पीड़िता ने स्वयं थाने पहुंचकर अपराध दर्ज कराया है. इसमें बताया कि नवरात्रि मेले के दौरान कटनी स्टेशन पर पीड़िता की मुलाकात आरोपी प्रीति से हुई. प्रीति ने अच्छी सैलरी वाली नौकरी दिलाने का झांसा देकर पीड़िता को दुर्ग लेकर आई और उसके आपत्तिजनक फोटो खींचकर दूसरों को भेजा. पीड़िता को घर पर बंधक बनाकर अवैध संबंध के लिए मजबूर किया गया. विरोध करने पर आरोपी उसके फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देती रही. स्वयं को छुड़ाकर पीड़िता मोहन नगर थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में पॉक्सो एक्ट, अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम समेत कई धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू की. पीड़िता के निशानदेही पर आरोपियों को गिरफ्तार किया.

# एआई से छात्राओं की बनाई अश्लील फोटो पुलिस ने आरोपी छात्र को बिलासपुर से दबोचा

**रायपुर,** 10 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। नवा रायपुर स्थित ट्रिपलआईटी में एआई का इस्तेमाल करके तीन दर्जन छात्राओं की अश्लील फोटो बनाने वाले 21 साल के छात्र सैय्यद रहीम अदनान पिता अजहर अली को पुलिस ने गुरुवार को बिलासपुर से गिरफ्तार किया. एक दिन पहले ही पुलिस की एक टीम ने ट्रिपल आईटी जाकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली थी. हालांकि तब प्रबंधन ने आंतरिक जांच का हवाला देते हुए रिपोर्ट लिखाने से इनकार किया था. गुरुवार को जांच रिपोर्ट के साथ प्रबंधन ने मामले की शिकायत की. इसके तुरंत बाद पुलिस टीम ने बिलासपुर में छापेमारी की और आरोपी छात्र सैय्यद रहीम अदनान को गिरफ्त में ले लिया।



राखी थाने में पुलिस ने प्रबंधन की शिकायत पर धारा 354 बीएनएस एवं 67 आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है. आरोपी सैय्यद रहीम अदनान बिलासपुर में जरहाभाठा तिवारी चाल निवासी है. वह ट्रिपल आईटी में इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में 5वें सेमेस्टर (द्वितीय वर्ष) में अध्ययनरत है. एक हफ्ते पहले एक छात्रा को उसकी अश्लील फोटो की जानकारी मिली. संभवतः आरोपी छात्र ने ही उसे भेजा था. इसके बाद मामले का हल्ला मचा और प्रबंधन से छात्राओं ने शिकायत की. प्रबंधन ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तुरंत लेडी प्रोफेसर के नेतृत्व में एक जांच टीम बनाई. छात्र सैय्यद रहीम अदनान के कमरे की तलाशी लेकर मोबाइल फोन, लैपटॉप व पेन ड्राइव जब्त किया गया।

पुलिस को प्रबंधन ने जांच रिपोर्ट में जानकारी दी है कि छात्र के मोबाइल फोन और पेन ड्राइव में 36 छात्राओं के अश्लील फोटो मिले हैं. छात्र से पूछताछ करने के बाद बिलासपुर से उसके पालकों को ट्रिपल आईटी में बुलाकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी गई. छात्र को निलंबित करके उसे हॉस्टल खाली करने कह दिया गया. इसके बाद परिजन छात्र को लेकर बिलासपुर लौट गए थे। नवा रायपुर एएसपी विवेक शुक्ला ने बताया कि आरोपी छात्र से पूछताछ में पता चलेगा कि छात्राओं की अश्लील फोटो बनाने का उद्देश्य क्या था? सैय्यद रहीम अदनान को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा.

# भाजपा ग्रामीण जिला पदाधिकारियों की हुई घोषणा, 29 लोग किए गए शामिल

रायपुर, 10 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव व प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री पवन साय की सहमति से भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम कुमार नारंग ने जिला पदाधिकारी की घोषणा कर दी।

श्री विजय गोयल, श्रीमती नंदनी साहू, शिव शंकर वर्मा, दीपक बैस, अभिषेक राजा तम्बोली व उत्पल साहू उपाध्यक्ष बनाए गए है। संतोष शुक्ला व श्रीमति ललिता वर्मा महामंत्री बने जबकि अरविन्द सिंह ठाकुर कोषाध्याक्ष व सोहन धीवर सह कोषाध्यक्ष बने। संचित तिवारी, राजेन्द्र वर्मा, श्रीमती जागृति बंजारे, विकास कोटवानी, पीलाराम निषाद व श्रीमती अनुराधा वर्मा मंत्री बनी। आकाश बजाज व विजय अग्रवाल प्रवक्ता बनाए गए। मन की बात प्रमुख श्री राजेश साहू (अभनपुर) व मन की बात सह प्रमुख अशीष शर्मा बनाए गए। प्रचार-प्रसार-मंत्री, नरेन्द्र सिंह ठाकुर व सह प्रचार प्रसार-मंत्री पुरुषोत्तम यादव, कार्यालय प्रभारी बुद्धेश्वर वर्मा, सह कार्यालय प्रभारी विश्वदीपक बघेल, सोशल मिडिया प्रभारी त्रयंबक राव सोनटके, सोशल मिडिया सह प्रभारी नेहरू साहू व श्रीमती भारती शिंदे, आईटी सेल प्रभारी हितेश मंडाई व आईटी सेल सह प्रभारी बनाए गए।

# हुक्का बार चलाते दुकानदार समेत 3 ग्राहक गिरफ्तार

**दुर्ग,** 10 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत सुपेला पुलिस ने के बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हुक्का बार का भंडाफोड़ किया। मौके से दुकानदार समेत तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि सुपेला के मौर्या टॉकीज के पास चौहान स्टेट रॉक एंड रोल फर्स्ट फ्लोर में हुक्का बार चलाया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी विजय यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापा मारा। पुलिस को देखते ही कुछ युवक मौके से भाग गए, जबकि तीन युवक हुक्का पीते हुए पकड़े गए। पकड़े गए युवकों की पहचान अमित खत्री (१९) निवासी सिंधी कॉलोनी, निशांत नायक (२५) और श्रेयांश चंद्राकर (२४) दोनों निवासी प्रेमसागर चौक, बैगापारा दुर्ग के रूप में हुई है। वहीं हुक्का बार संचालित करने वाला दुकानदार राजकुमार मुगम (३२) निवासी बालाजी नगर, वार्ड ३०, खुर्सीपार दुर्ग बताया गया है।



# विश्व का पहला करवाचौथ मंदिर, यहां सबसे पहले दिखता है चांद, लगती है महिलाओं की भारी भीड़

**भोपाल,** 10 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। देशभर में जहां करवा चौथ का पर्व आस्था और परंपरा के रंग बिखेरता है, वहीं राजधानी भोपाल का एक मंदिर इस पर्व की पहचान बन चुका है। कोलार की पहाड़ी पर स्थित यह देश का पहला करवा चौथ मंदिर माना जाता है, जहां हर साल बड़ी संख्या में महिलाएं करवा चौथ की रात चंद्रमा उदय तक व्रत रखती हैं और पारंपरिक विधि से पूजा-अर्चना करती हैं।



यह विशेष मंदिर वर्ष 2002 में वैदिक पद्धति से निर्मित किया गया था। इसे भारत का पहला ऐसा मंदिर माना जाता है, जो पूरी तरह करवा चौथ पर्व और उससे जुड़े देवताओं को समर्पित है। यहां हर साल करवा चौथ के दिन पूजन, भंडारा और विशेष अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं। यह मंदिर राजस्थान के सवाई माधोपुर स्थित चौथ माता मंदिर से अलग है। जहां सवाई माधोपुर में माता चौथ का प्राचीन मंदिर है, वहीं भोपाल का यह मंदिर करवा चौथ और शिव-पार्वती की आराधना के लिए जाना जाता है। करवा चौथ की रात इस मंदिर में चांद के पहले दर्शन का इंतजार भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होता है। मंदिर परिसर में शिव-पार्वती, गणेश जी, कार्तिक देव और चंद्रदेव की मूर्तियां स्थापित हैं। यहां सभी देवताओं की पूजा 108 नामों और वैदिक मंत्रों के साथ की जाती है। हर साल करवा चौथ की रात मंदिर में 70 से 80 जोड़े और सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचते हैं। पूजा के बाद भंडारा और सांस्कृतिक अनुष्ठान देर रात तक चलते हैं। इस साल भी आयोजन शाम 7 बजे से शुरू होकर आधी रात तक चलेगा। भोपाल का यह मंदिर देश का एकमात्र करवा चौथ मंदिर है, जो किसी ट्रस्ट या दान समिति के बिना चलता है। यहां की हर गतिविधि श्रद्धालुओं की भागीदारी और पारंपरिक विधि से संपन्न होती है।

## बिरादरी की बातें



**चूहा- सुनती हो, आज करवा चौथ है, आज पतियों की अच्छी आवभगत होती है। चुहिया- हां जी, आज ही तो दीदार चाहते हैं बाकी दिन तो तू कहां... मैं कहां..!**